# मुख्यालय उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें

चतुर्थ तल, जवाहर भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ–226001

पत्रांकः टीएससी–101/2009(II) दिनांकःसितम्बर 25,2014

सेवा में,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक,
समस्त जनपदीय पुलिस प्रभारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः– डा0 भीमराव अम्बेडकर, पुलिस अकादमी, मुरादाबाद एवं पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुरादाबाद में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को दिनांकः01–09–2014 से प्रस्तावित आधारभूत प्रशिक्षण हेतु सम्बन्धित कार्मिकों को रवाना किये जाने के सम्बन्ध में।

.....................

अवगत कराना है कि पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण ने पत्र संख्याः प्रनि–762–2012/5217 दिनांकः 12–09–2014 के द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के सम्बन्ध में प्रशिक्षण ***01 अक्टूबर–2014 से प्रारम्भ होगा तथा सम्बन्धित अभ्यर्थी अपनी–अपनी आमद दिनांकः 30–09–2014 को समय 12.00 बजे तक प्रशिक्षण संस्थान में करायेंगे यह भी उल्लेख किया गया है कि अपर पुलिस महानिदेशक, पीटीसी मुरादाबाद के अवकाश पर होने के कारण श्री रघुवीर लाल , पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीटीएस एवं पीटीसी मुरादाबाद के प्रभारी हैं तथा इनका सीयूजी नम्बर–9454400233,*** ई–मेल–ptcmdd@gmail.com ***तथा पुलिस अकादमी मुरादाबाद के कार्यालय का दूरभाष नम्बर–0591–2435733, सीयूजी–9454402535 एवं ई–मेल आई.डी.*** polacademy@up.nic.in/ adguppmbd@bsnl.in ***है।*** इसी सम्बन्ध में समसंख्यक पत्र दिनांकितः 23–09–2014 अवलोकनीय है।

2– जिन कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को नियुक्ति पत्र जारी किया गया है और उनके द्वारा आपके जनपद में अभी तक आगमन नहीं किया है उनके आमद करने के फलस्वरूप 15 अक्टूबर 2014 तक प्रत्येक दशा में प्रस्तावित प्रशिक्षण हेतु चिन्हित प्रशिक्षण संस्थान हेतु रवाना कर दिया जाए।

3– यह सभी कम्प्यूटर आपरेटर अपने–अपने फिटनेश प्रमाण–पत्र लेकर आयें कि वह वाह्य एवं अन्तः प्रशिक्षण के लिए पूर्ण रूप से फिट हैं तथा यदि इनमें से किसी को कोई बीमारी हो तो उसकी सूचना पूर्व में ही दे दें। जैसे किसी को डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, किडनी इत्यादि की बीमारी हो तो उन्हें पूर्व से ही सूचित करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो वही पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे।

4– उल्लेखनीय है कि ***मैस एडवान्स हेतु रू0 5000/–, वर्दी एवं अन्य कार्य हेतु रू0 5000/– एवं बिस्तर (ऋतु के अनुसार ओढने एवं पहनने के बस्त्र, बेडशीट, मच्छरदानी आदि) के साथ–साथ आप द्वारा जारी पहचान पत्र साथ लेकर जायेंगे।*** जो कार्मिक जोनल एवं परिक्षेत्रीय कार्यालय में सम्बद्ध हैं उन्हें भी सम्बन्धित कार्यालय से समन्वय कर प्रशिक्षण हेतु रवाना किया जाए।

क्रमशः2/पर

5— उपर्युक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड—ए जिन्हें विभिन्न तिथियों में पुलिस अधीक्षक/ सहायक निदेशक, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र के द्वारा आपके जनपदों में नियुक्त किया गया है, को उपरोक्तानुसार निर्देशित कर दें, कि वह *01 अक्टूबर—2014 से प्रारम्भ* होने वाले आधार भूत प्रशिक्षण हेतु संलग्न प्रथम सूची में अंकित (499 अभ्यर्थी) डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद तथा द्वितीय सूची में अंकित (100 अभ्यर्थी) पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय मुरादाबाद में अपनी—अपनी आमद दिनांक: 30—09—2014 को समय 12.00 बजे तक कराना सुनिश्चित करेंगे।

**संलग्नक:यथोपरि।**

25/9/14

**(आर0के0विश्वकर्मा)**
अपर पुलिस महानिदेशक,
तकनीकी सेवायें,उ0प्र0,
लखनऊ।

प्रतिलिपि:— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, लखनऊ।

2— अपर पुलिस महानिदेशक, डा0 भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी, मुरादाबाद को इस आशय से कि प्रशिक्षण हेतु आवंटित 552 अभ्यर्थियों में से शेष अभ्यर्थियों को नियमानुसार नियुक्ति उपरान्त शीघ्र अतिशीघ्र निर्देशित किया जाएगा। ।

3— अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुरादाबाद।

4— पुलिस महानिरीक्षक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।

5— पुलिस उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।